सुविचार

समय का उत्तम उपयोग करना सीखें क्योंकि विश्व के ज्यादातर सफल मनुष्यों ने इसी का प्रयोग किया है।

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-13 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 05 मई 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## एकपक्षीय ऑडर को निरस्त करने के लिए कब आवेदन लगाया जा सकता है जानिए/CPC:-

जब कोई व्यक्ति के सिविल अधिकार का हनन होता है या कोई सिविल मामला होता है जैसे-क्षति पूर्ति मांग, विवाह विच्छेद, संपत्ति दावा आदि तब उसे सिविल न्यायालय में अपना वाद दायर करना होता है ऐसे में सिविल न्यायालय द्वारा एकपक्षीय निर्णय सुना दिया जाता है तब प्रतिवादी उस निर्णय को निरस्त करने के लिए वादी या प्रतिवादी कब एवं किस न्यायालय में आवेदन देगा जानिए।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

### सिविल प्रक्रिया संहिता,1908 के आदेश 09 के नियम क्रमांक 13 की परिभाषा?

अगर किसी सिविल कोर्ट द्वारा एकपक्षीय डिक्री, आदेश आदि पारित कर दिया गया है तब प्रतिवादी या वादी कोई भी उस डिक्री या आदेश को अपास्त(निरस्त) करने के लिए उपर्युक्त नियम के अंतर्गत आवेदन कर सकता है।

### ऑडर, डिक्री, निर्णय को निरस्त करने के आधार?

1. सुनवाई की तारीख का नोटिस पक्षकारों को तामील नहीं किया गया हो।
2. जब सुनवाई हो रही हो तब न्यायालय में पक्षकार अनुपस्थिति का उचित कारण बताए जैसे कि रेलगाड़ी का विलम्ब से आगमन, बीमारी या दुर्घटना के कारण, विरोधी का कपट, वकील द्वारा केस डायरी का गलत बताना आदि।

### डिक्री, आदेश, निर्णय अपास्त करने की परिसीमा क्या है जानिए?

CPC के आदेश 09 के नियम 13 के अंतर्गत डिक्री अपास्त करने का आवेदन करने की परिसीमा 60 दिन के भीतर की हैं। एवं आदेश, डिक्री निरस्त का आवेदन उसी न्यायालय में प्रस्तुत होगा जिस न्यायालय द्वारा आदेश दिया गया था।

## स्त्री की सहमति से अबॉर्शन कराना अपराध है या नहीं जानिए महत्वपूर्ण जानकारी/legal advice.......

आज हम जिस अपराध की बात कर रहे हैं वह अपराध,अपराध है भी और नहीं भी क्योंकि यह अपराध महिला स्वतंत्रता के अधिकारों से भी संबंधित होता है जानिए। भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 312 कहती है की अगर कोई महिला अपनी इच्छा से या सहमति से गर्भपात करवाती है तो वह उक्त धारा 312 के अंतर्गत दोषी होगी। लेकिन मेडिकल टर्मिनल ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट,1971 कहता है कि महिलाएं 20 हफ्ते तक अबॉर्शन करवा सकती है वर्ष 2021 में इसे संशोधन कर 24 हफ्ते कर दिया गया अर्थात एक्ट के अनुसार विवाहित या अविवाहित महिला 24 हफ्ते के अन्दर स्वेच्छा से गर्भपात करा सकती है इसी संदर्भ में हाल ही मैं सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ द्वारा 29 सितम्बर को कहा कि महिला को विवाहित या अविवाहित महिला को 24 सप्ताह के अंदर अबॉर्शन करवाना संवैधानिक अधिकार है। अब कुल मिलाकर कहे तो अगर कोई महिला विवाहित या अविवाहित सहमति से भी 24 सप्ताह के बाद अगर अबॉर्शन करवाती हैं तो यह भारतीय दण्ड संहिता की धारा 312 के अंतर्गत एक दण्डिनीय अपराध है।



- कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान मोबाईल 7999293638

IPC की धारा 312 का अपराध असंज्ञेय एवं जमानतीय है इनकी सुनवाई प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है। सजा इस अपराध के लिए अधिकतम सात वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

### भारतीय दण्ड संहिता की धारा 312 का अपराध एक शमनीय अपराध है जानिए?

दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा 320 की उपधारा (2) के अनुसार स्वेच्छा से गर्भपात कराने का अपराध समझौता योग्य इस अपराध का समझौता न्यायालय की आज्ञा से उस व्यक्ति से किया जा सकता है जिसका गर्भपात किया गया हैं या करवाया गया है।

# शासकीय सेवा अपने लिए नहीं, अपनों के लिए है और सभी प्रदेशवासी अपने हैं: मुख्यमंत्री श्री चौहान

## खेती को लाभ का धंधा बनाने में वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन का महत्वपूर्ण योगदान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि शासकीय सेवा अपने लिए नहीं, अपनों के लिए है और सभी प्रदेशवासी अपने हैं। यदि हम उनकी भलाई, कल्याण और उन्नति के लिए काम करेंगे तो प्रदेश की प्रगति होगी। शासकीय सेवा, पक्की नौकरी की निश्चिन्तता देती है, पर साथ ही जन-सामान्य के लिए बेहतर कार्य करने का दायित्व भी इसमें निहित है। शासकीय सेवा में कर्त्तव्यनिष्ठा से किया गया कार्य समाज,देश और प्रदेश के निर्माण में आपके योगदान के रूप में अंकित होता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के नव-नियुक्त प्रबंधकों, सहायक गुणवत्ता नियंत्रकों और उपयंत्रियों को नियुक्ति पत्र देने के बाद उनसे बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने 24 अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। निवास कार्यालय समत्व भवन में हुए कार्यक्रम में कार्पोरेशन के अध्यक्ष श्री राहुल सिंह, प्रमुख सचिव श्री उमाकान्त उमराव और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### संवेदनशील है खाद-बीज और उपज के भंडारण और प्रबंधन का कार्य

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन का कार्य किसानों से संबंधित है। खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। यह तभी संभव होगा जब खेती के लिए आवश्यक खाद, बीज सही तरीके से किसानों तक पहुँचे और किसानों द्वारा उगाई गई फसल का उचित भंडारण और प्रबंधन सुनिश्चित हो। इन सभी कार्यों में वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के कर्मचारियों और अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आपका काम अत्यंत संवेदनशील है। नव-नियुक्त कर्मचारी और अधिकारी सेवा एवं आनंद के भाव से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। हमें यह भान होना चाहिए कि हम देश बना रहे हैं, हम अपना काम गर्व और गरिमा के साथ करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कार्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने संबंधी एक कहानी भी साझा की।

## MP में दिन में धूप, फिर बरसेंगे बादल अगले चार दिन तक ऐसा ही रहेगा मौसम

■ 4 दिन यानी 8 मई तक मौसम का मिजाज बदला सा रहेगा।

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में अगले 4 दिन यानी 8 मई तक मौसम का मिजाज बदला सा रहेगा। दोपहर तक तेज धूप निकलेगी, इसके बाद बादल बरसेंगे। ओलावृष्टि होने की संभावना नहीं है, लेकिन 40 से 50च्द्व प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। 15 मई तक प्रदेश में तेज गर्मी पड़ने के आसार नहीं है। मई के दूसरे पखवाड़े में ही गर्मी के तीखे तेवर देखने को मिल सकते हैं। मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि प्रदेश में अभी एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है। ट्रफ लाइन और चक्रवात का असर नहीं है, इसलिए 8 मई तक प्रदेशभर में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। कुछ इलाकों में बारिश का असर ज्यादा रहेगा। दोपहर बाद मौसम बदलेगा। इससे पहले धूप खिली रहेगी। 15 मई के बाद तापमान में ज्यादा बढ़ोतरी होगी और गर्मी असर दिखाने लगेगा।



### इन जिलों में बदला रहेगा मौसम

गरज-चमक के साथ जबलपुर, सागर, रीवा, शहडोल, नर्मदापुरम और भोपाल संभाग के साथ खंडवा, खरगोन, धार, इंदौर, बड़वानी, बुरहानपुर, शाजापुर, देवास और आगर में बारिश हो सकती है। बाकी जिलों में मौसम साफ रहेगा। जबलपुर, नर्मदापुरम और भोपाल संभाग के साथ पन्ना, रीवा, सतना, अनूपपुर, छतरपुर, खंडवा, खरगोन, धार, इंदौर, बड़वानी, बुरहानपुर, शाजापुर, देवास और आगर जिले में 40 से 50च्द्व प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है।

### भोपाल में आज बादल रहेंगे

भोपाल की बात करें तो आज बादल छा सकते हैं। 6 मई को तेज बारिश होने की संभावना है। वहीं, 7 और 8 मई तो मौसम खुला रहेगा। हल्के बादल छाएंगे। कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हो सकती है।

## आईटीआई उत्तीर्ण लाइनमेन को 1000 रूपये जोखिम भत्ता देने का आदेश जारी

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि आउटसोर्स के माध्यम से विद्युत वितरण कम्पनियों में नियोजित आईटीआई उत्तीर्ण लाइनमेन के लिये जोखिम भत्ता देने का आदेश जारी कर दिया गया है। इन्हें श्रम आयुक्त द्वारा कुशल वर्ग के श्रमिकों के लिये लागू प्रतिमाह वेतन के अतिरिक्त एक हजार रूपये का जोखिम भत्ता दिया जायेगा। इस अतिरिक्त राशि पर किसी प्रकार का सेवा शुल्क देय नहीं होगा। आईटीआई उत्तीर्ण तथा वितरण कम्पनी में आउटसोर्स से नियोजित श्रमिकों को विद्युत वितरण कम्पनियों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने एवं इस संबंध में आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण करने पर इस वर्ग में नियोजन की पात्रता होगी।



## नगरीय विकास विभाग को मिले 3 स्कॉच अवार्ड

**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग को नगरीय विकास और म्यूनिसिपल गवर्नेंस के लिये 3 स्कॉच अवार्ड मिले। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने स्कॉच अवार्ड मिलने पर नगरीय विकास एवं आवास विभाग की टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि आगे भी इसी तरह नित नई उपलब्धियाँ विभाग के खाते में जोड़ने के लिये मिल कर काम करें।प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में उल्लेखनीय कार्य करने के लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग को, शी लाउंज महिला सुविधा-गृह बनाने के लिये सागर स्मार्ट सिटी और धर्मपुरी सीवेज कलेक्शन ट्रीटमेंट और डिस्पोजल के लिये मध्यप्रदेश अर्बन डेव्हलपमेंट कम्पनी को सिल्वर स्कॉच अवार्ड-2023 से सम्मानित किया गया है।

## वर-वधु को मंडप में ही 49 हजार का चेक उपलब्ध कराया जाये: मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में जिस दिन शादी हो, वर-वधु को उस दिन ही मंडप में 49 हजार रूपए का चेक उपलब्ध कराया जाये। नव-विवाहिताओं को राशि प्रदान करने में किसी भी स्थिति में विलंब न हो। प्रत्येक जरूरतमंद दिव्यांग को उसकी आवश्यकता के अनुसार उपकरण उपलब्ध कराए जाएँ। इसके लिए विकास खण्ड स्तर पर शिविर लगाए जाएँ। संबल योजना में दिव्यांगजन को लाभान्वित करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। राज्य शासन द्वारा शीघ्र ही दिव्यांगजन को तीर्थ कराने की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान पिछली मंत्रि-परिषद की बैठक के बाद हुई चर्चा के बिंदुओं पर की गई कार्यवाही की समीक्षा कर रहे थे।

### बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों से निरंतर सम्पर्क बनाये रखे शिक्षक

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने वाले हैं, बच्चे अवसाद ग्रस्त न हों और कोई गंभीर कदम न उठाये, इस उद्देश्य से शिक्षक बच्चों से निरंतर सम्पर्क में रहे तथा उन्हें प्रोत्साहित करें।

### उद्यानिकी फसलों को बीमा के अंतर्गत लाना आवश्यक

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में निर्माण कार्यों की जिम्मेदारी प्राथमिकता से पंचायतों को सौंपी जाये। सामुदायिक कार्यों में पंचायत प्रतिनिधियों की सहभागिता बढ़ाना आवश्यक है। जिन सड़कों को किसी भी कारण से खोदा गया हो उन्हें तत्काल भरा जाए।

### छात्रवृत्ति योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाना आवश्यक

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाना आवश्यक है। छात्रावासों में रह रहे विद्यार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि छात्रावासों में उपलब्ध कराए जा रहे भोजन और दैनिक उपयोग की सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता न हो। जिन छात्रावासों से अधीक्षकों की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाया जाये।

# शहर की सड़कों के साथ गलियां भी अतिक्रमण की शिकार मीट मार्केट यथावत,लोगों की भावनाओं को पहुंच रही ठेस

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)**





अनूपपुर। लगभग 20 वर्षों बाद भी अनूपपुर जिला मुख्यालय सा देखने में प्रतीत नहीं हो रहा।इस 20 वर्षों के दौरान कई कलेक्टर एवं सीएमओ परिवर्तित हो गए लेकिन जिला मुख्यालय का शहर अतिक्रमणकारियों एवं मीट मार्केट के चलते अपने अस्तित्व को आज तक नहीं पाया। जिले में नवागंतुक कलेक्टर आशीष वशिष्ठ से एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी स्नेहा मिश्रा से काफी उम्मीदें हैं कि आने वाले दिनों में शहर की फिजा बदलेगी एवं शहर जिला मुख्यालय सा प्रतीत होने लगेगा।आज बाहर से आने जाने वाले लोगों के मन मस्तिष्क में अनूपपुर जिला को लेकर तमाम तरह की विसंगतियां हैं।20 वर्ष बाद भी शहर में प्रवेश करने वाले लोगों को अनूपपुर जिला सा प्रतीत नहीं हो रहा। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित टीएल बैठक में नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों से समीक्षा करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया था।जिसमें अनूपपुर के मीट मार्केट सहित उत्कृष्ट विद्यालय के बाउंड्री वॉल से लगे अतिक्रमण एवं जिले भर के अन्य अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए थे।नगरपालिका की मुख्य नगरपालिका अधिकारी स्नेहा मिश्रा ने कलेक्टर के निर्देशानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की और उसके अच्छे परिणाम सामने आए। लेकिन देखा जा रहा है कि अतिक्रमण कारी अतिक्रमण करने से बाज नहीं आ रहे।वही टीएल बैठक में कलेक्टर के निर्देश थे कि मीट मार्केट को शिफ्ट करने के निर्देश एसडीएम एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिए थे।जिसमें कलेक्टर ने कहा था कि अनूपपुर स्थित सब्जी बाजार के निकट लगने वाले मीट मार्केट को नगर पालिका द्वारा बनाए नए मीट मार्केट में शिफ्ट कर दिया जाए।इसके निर्देश टीएल बैठक में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ द्वारा एसडीएम तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिए गए थे।उन्होंने कहा कि नवीन मीट मार्केट के आवश्यक निर्माण कार्य को शिफ्टिंग के पश्चात करा लिया जाए।लेकिन देखा जा रहा है कि मीट मार्केट अभी भी सब्जी मंडी में संचालित हो रहा है।नगर पालिका द्वारा कई बार मीट मार्केट को हटाया गया।लेकिन मीट बेचने वाले फिर से सब्जी मंडी के पास मीट बेचना प्रारंभ कर दिए।जबकि मंदिर की तरफ जाने आने का रास्ता वहीं से है।मुख्य बाजार भी लोगों का आवागमन होता है लेकिन रास्ते में बैठकर मीट वाले अपने कर्मो से बाज नहीं आ रहे।आवश्यकता है जिला कलेक्टर इस ओर अपनी नजरें इनायत करें एवं लोगों की भावनाओं को मीट मार्केट से जो ठेस पहुंच रही है उस पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करें।महिला अधिकारियों को आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराकर मीट लगाने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही कराई जाए।जिससे हमेशा हमेशा के लिए मीट मार्केट शहर के मध्य से एवं राम जानकी मंदिर के मार्ग से हमेशा हमेशा के लिए हट जाए। देखा जा रहा है कि शहर के दुकानदार प्रतिस्पर्धा के चक्कर में अपनी-अपनी दुकानों को सड़कों पर ले आते हैं।जिससे आवागमन में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्टेशन से लेकर बस स्टैंड जाने वाला मार्ग पूरी तरह से अतिक्रमण से मुक्त होना चाहिए। लेकिन आज तक अतिक्रमण हटाओ अभियान तक ही मार्ग मुक्त रहा।उसके पश्चात फिर से अतिक्रमण कारी शहर को अतिक्रमण की चपेट में पूरी तरह से ले आए।यही नहीं शहर के अंदर की कुछ गलियां जो लोगों के आवागमन की सुविधा के लिए है वह भी पूरी तरह से अतिक्रमण की चपेट में आ चुकी है।लोगों का आवागमन भी समस्याओं से भरा है।आवश्यकता है जिला प्रशासन,एसडीएम,तहसीलदार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन मिलकर शहर के अतिक्रमण के खिलाफ मुहिम छेड़ दें और पूरे नगर पालिका क्षेत्र को,सड़कों को,गलियों को पूरी तरह से अतिक्रमण से मुक्त करा कर शहर की बसाहट को व्यवस्थित कराने के लिए कार्य योजना बनाकर आवश्यक स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था कराई जाए।जिससे सड़कों पर दुकानों के आमने-सामने वाहनों की धमाचौकड़ी दिखाई ना दे।लोगों के आवागमन में किसी तरह की बाधा ना आए।बैंकों के सामने समुचित व्यवस्था की जाए जहां वाहनों की धमाचौकड़ी लगी रहती है।इसके लिए आवश्यक है कि शहर का कोई स्थान नियत किया जाए जहां वाहनों की पार्किंग हो सके और लोगों के आवागमन में किसी तरह की बाधा सामने ना आए।

## अगर अंबेडकर ना होता ??

अगर अंबेडकर ना होते
तो सोचों क्या होता ?
शोषितों के आजादी का बीज
भारत में कौन बोता।

भारत में हुकूमत भले ही
अंग्रेजो का था,
किंतु, पीड़ितों के स्वामी
स्वर्ण समाज था,
समानता वे नहीं चाहते थे
शूद्रो को शिक्षा से वंचित रखते थे,
अंबेडकर जैसा मसीहा ना होता
तो अछूत गुलामी की
चादर ओढ़े,आज भी सोता।
अंबेडकर ना होते तो क्या होता?


सामंतवादियो को वंचितों की
स्वतंत्रता रास नहीं आ रहे थे।
डॉ अंबेडकर की अगुवाई को
वे पचा नहीं पा रहे थे।
शूद्रो की विद्वता सामंतों को
असहनीय था।
भारत में शोषितों की दशा
दयनीय था।
बहुजनो की डुबती कश्ती
को और कौन खोता।
कल्पना कीजिए अगर
बाबा साहब ना होते तो क्या होता

भारत के अगड़ी जातियों ने
अंबेडकर को सभा में
जाने से रोका था।
उनकी यही साजिश
पिछड़ों के लिए साथ
बहुत बड़ा धोखा था।
कहने वालों ने कहा था कि
खिड़की दरवाजे सब बन्द कर दो
अंबेडकर वहां ना जा सके
भारत के अछूतों का दुखड़ा
अंग्रेजो को ना सुना सके।
भला हो गोरों का जिन्होंने
डॉ अंबेडकर को सभा में
आमंत्रित किया,
एक अवसर पाते ही
बाबा साहब ने पीड़ितों का
हक प्रस्तावित किया
लडे ना होते बाबा साहब तो
शोषित समाज, खून के आंसु रोता
गौर कीजिए साथियों
डॉ अंबेडकर ना होते
तो क्या होता?
शोषितों के आजादी का बीज
कौन भारत में बोता
शोषितों के आजादी का बीज
कौन भारत में बोता?



**हरीश पांडल**
**विचार क्रांति**
**छत्तीसगढ़**

# वैशाख बुद्ध पूर्णिमा 2567वीं पवित्र बुद्ध जयंती समारोह-2023



वैशाख बुद्ध पूर्णिमा के पूर्व संध्या पर सभी सर्वधर्म के धर्माचार्य ओर अनुयाई के द्वारा विश्व शांति के लिए मैत्री वंदना आज दिनांक 04 मई 2023, दिन- गुरुवार को बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री, चुनाभट्टी भोपाल में दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ के द्वारा तथागत भगवान बुद्ध की त्रिगुण पावन जन्म, बुद्धत्व और महापरिनिर्वाण, वैशाख बुद्ध पूर्णिमा 2567वीं पवित्र बुद्ध जयंती समारोह-2023 के पूर्व संध्या पर शांति एवं सद्भाव दिवस के रूप मे सर्वधर्म के धर्मगुरु ओर अनुयाई के द्वारा विश्व शांति एवं सद्भावना के लिए मैत्री वंदना का आयोजन किया गया .जिसमे भोपाल शहर के सम्मानित ईसाई धर्मगुरु आर्च बिशफ फादर दुरईराज, हाजी मोहम्मद हारून ,अध्यक्ष जमीयत उलमा , शिख धर्म से ज्ञानी गुरविंदर सिंह ,हिन्दू धर्म से स्वामी नंदन महाराज ,पंडित महेंद्रशर्मा ,जैन धर्म से राजेंद्र कोठारी,भंते राहुलपुत्र, फादर स्टेपन मारिया ,डॉ फादर आनंद मुटुनगल, कलाम हारून ओर सभी ने सबका मंगल हो सबका कल्याण हो विश्व शांति के सभी प्राणी सुखी हो की मंगल मैत्री लेकर शुभकामनाएं प्रदान की इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य संयोजक भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो ने सभी को साधुवाद और धन्यवाद प्रदान किया।






# अंत्येष्टि सहायता की राशि को भी डकार रहे सरपंच सचिव


**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

इमलिया कल्याणपुर (गाडरवारा)। जनपद से लेकर मुख्य सचिव भोपाल तक शिकायत तत्काल टीम बनाकर हो जांच मध्य प्रदेश किसान सभा इमलिया इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष जगमोहन कौरव ने बताया कि ग्राम पंचायत इमलिया कल्याणपुर जनपद पंचायत चीचली में राशन पानी, आवास,गौशाला सहित मनरेगा एवं अन्य निर्माण कार्य मजदूरों से न कराते हुए मशीनों से कराकर फर्जी तरीके से अपने रिश्तेदार एवं चहेतों के नाम मस्टर मजदूरी एवं फर्जी बिल लगाकर नियम विरुद्ध तरीके से भारी भ्रष्टाचार एवं निर्माण कार्यो में घटिया निर्माण किया जा रहा है, उदाहरण के लिए पुलिया निर्माण की जा रही थी उसे जनपद सीईओ एवं अधिकारियो ने मौके पर पहुंच कर देखा और उस पुलिया को उखाड़कर फिर से बनाने का सरपंच सचिव को बोला गया । जगमोहन कौरव द्वारा बताया गया है की पंचायत में हुई अनियमितताओं की जांच की मांग के लिए जनपद पंचायत, एस डी एम, कलेक्टर महोदया से लेकर प्रमुख्य सचिव, एवं मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल तक आवेदन ज्ञापन दिया जा चुका है, अब देखना यह है कोन दल और जनप्रतिनिधियों का भ्रष्टाचार का साथ देंगे या भ्रष्टाचार के खिलाफ़ आम जन के साथ होगें। सरपंच ने उनके पिताजी के नाम से ही 2कुएं स्वीकृत कराके 1चालू है उसमें भी भारी भ्रष्टाचार है। अंत्येष्टि सहायता राशि 5000रु 24/3/2023 दिनेश कौरव के नाम काटे गए बिल के बारे में सरपंच से जानकारी ली , सरपंच महोदय ने जानकारी दी कि सियाराम सिलावट की बऊ जो खत्म हो गई थी सचिव के खाते में आती है। जब उनके परिवार से जगमोहन कौरव




ने जानकारी ली उन्होने बताया कोई पैसा सरपंच सचिव या पंचायत द्वारा नही मिला, इसी दौरान सचिव द्वारा 5000की राशि आनन फानन में हितग्राही को दी गई वरना डकार चुके थे, ऐसे हितग्राही मूलक कार्यों में भी काफी अनियमितताएं मिलेंगी जिनमें भारी भ्रष्टाचार उजागर होगा। मध्य प्रदेश किसान सभा तत्काल एक जांच कमेटी बनाकर आवेदक की उपस्थिति में जांच कर कार्यवाही करे, सभी दल भ्रष्टाचार के खिलाफ़ संघर्ष में साथ दें अन्यथा की स्थिती में आम जनता किसान सभा के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन घेराव पुतला दहन से लेकर भ्रष्टाचार को संरक्षण देने वाले दल एवं जनप्रतिनिधियों का खुला विरोध किया जाएगा।

# अमरावद खुर्द के मूलनिवासी सूरज ठाकुर ने एल एल बी की पढ़ाई पूर्ण करने के पश्चात ऑल इंडिया बार एग्जाम पास किया


All India Bar Examination

ALL INDIA BAR EXAMINATION-XVII RESULT

Result Details

Candidate Photo & Signature

| | |
|---|---|
| Name | : SURAJ THAKUR |
| Father's/Husband's/Mother's Name | : RAM PRASAD THAKUR |
| Roll Number | : 17790253 |
| Registration Number | : 1298194 |
| Enrolment Number | : MP/2824/2022 |
| Result Status | : Pass |

NOTE:

1) Candidates are requested to verify their details. In case of discrepancy, if any, kindly report the same on our helpdesk- " https://allindiabarexamination.com/contact.html" or contact our helpline number: +91-6263178414, 6352601288, 9555089314, 9555076241, 9555092448, 011- 49225000.
2) Candidates are requested to send attested copy of their required (if any) documents.
3) Due care has been taken while preparing the results, however any inadvertent error cannot be ruled out. Council reserves the right to rectify any such error at a later stage.



**भोपाल।** जिला रायसेन बरेली तहसील के ग्राम अमरावद खुर्द के मूलनिवासी सूरज ठाकुर अपने जीवन के कठिन परिश्रम करके भोपाल के श्यामला हिल्स छात्रावास में अपनी एल एल बी की पढ़ाई पूर्ण करने के पश्चात ऑल इंडिया बार एग्जाम पास किया वह अपनी पंचायत के पहले एडवोकेट वने व रायसेन जिले के बाड़ी ब्लाक के अपनी समाज के भी वह एक लोते बकील वने अपरिवार और समाज मे बहुत ही खुशी का माहौल है।

# अवैध शराब के विरुद्ध अनूपपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

- कोतमा पुलिस के द्वारा अवैध शराब का परिवहन करते सफारी वाहन सहित
- 91.2 ली. अवैध शराब जप्त, वाहन सहित कुल कीमत 16,02,778/-रु0

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)**

अनूपपुर। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेन्द्र सिंह पवांर के द्वारा अवैध कारोबारियों के विरुद्ध निरंतर अभियान चालया जा रहा है। इसी अनुक्रम में अवैध शराब का परिवहन एवं विक्रय के संबंध में निरंतर प्राप्त हो रही षिकयतों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया गया। इसी अनुक्रम में दिनांक 01.05.2023 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की टाटा सफारी चार पहिया वाहन जिसमें काली फिल्म लगी है केषवाही से कोतमा की ओर भारी मात्रा में अवैध शराब लोड कर बेचने के लिए ला रहा है। सूचना को पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा गंभीरता



से लेते हुये अति.पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अभिषेक राजन, एसडीओपी अनूपपुर सुश्री कीर्ति बघेल एवं थाना प्रभारी कोतमा निरी.अजय बैगा के नेतृत्व में विषेष टीमें गठित कर सूचना की तस्दीक करने हेतु निर्देषित किया गया है। गठित विषेष टीम के द्वारा उक्त सफेद रंग की टाटा सफारी वाहन का पीछा करते हुए जुनहा टोला ग्राम पथरौडी पहुँच कर वाहन चालक उक्त सफारी वाहन क्र0 सीजी 16बी 3011 को राजकुमार सिंह के खलिहान में खड़ा कर वाहन छोड़ कर भाग गया। वाहन की तलाषी लेने पर वाहन के पीछे हिस्से में 11 खाकी रंग के कार्टून मौजूद थें, जिसमें खोल कर देखने पर सभी कार्टून में कुल 91.2 ली अंग्रेजी शराब जिसकी अनुमानित कीमत 1,02,778/- रुपये एवं अवैध शराब के परिवहन में प्रयुक्त सफारी वाहन की कीमत 15 लाख रुपये कुल मषरुका 16,02,778/-रु. को पुलिस के द्वारा जप्त किया गया है। उक्त घटना पर थाना कोतमा में अवैध शराब का परिवहन करने पर आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में फरार आरोपी की तलाष एवं अवैध शराब के परिवहन में प्रयुक्त सफारी वाहन के मालिक के संबंध में अग्रिम विवेचना की जा रही हैं। नषें के विरुद्ध की गई इस प्रभावी कार्यवाही से शराब के अवैध कारोबार में निष्चित रूप से अंकुष लगेगा। सम्पूर्ण कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेन्द्र सिंह पवांर एवं अति0 पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अभिषेक राजन के निर्देषन एवं एसडीओपी अनूपपुर सुश्री कीर्ति बघेल के मार्गदर्षन में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय बैगा, उनि. रामेष्वर सिंह, सउनि. सुरेष अहिरवार, आर. 208 कृपाल सिंह एवं अन्य थाना स्टॉफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## हसदेव क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक यूडी कंजरकर बहेराबांध उपक्षेत्र के प्रांगण में विराजमान काली मंदिर की पूजा अर्चना कर माँ काली का आशीर्वाद लिए

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (युवाप्रदेश)**

अनूपपुर। हसदेव क्षेत्र के बहेराबांध उपक्षेत्र के सबेरिया प्रशांत शर्मा जी के नेतृत्व में आज मंगलवार को करीब दो बजे हसदेव क्षेत्र के बहेराबांध उपक्षेत्र प्रांगण में यूडी कंजरकर मुख्य महाप्रबंधक हसदेव के द्वारा माई की बगिया स्थित मा भगवती महा काली की पूजा अर्चना की , जीएम कंजरकर ने उपस्थित स्थानीय व एरिया से आए अधिकारियों ,यूनियन के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा सभी के अथक प्रयास से हसदेव क्षेत्र में कोयला उत्पादन लक्ष्य पूरा हुआ सभी बधाई के पात्र है एरिया मे राजनगर ,झिरिया खदान शुरू की गई है , सभी का बेहतर सहयोग मिला जिससे हम सब लक्ष्य तक आसानी से पहुंच सके।

## आलेख: व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं के पीछे दौड़ना, हमारी सनातन ऋषि संस्कृति नहीं है

सबसे प्राचीन और शाश्वत संस्कृति है हमारे पास, एक गौरवशाली इतिहास, अद्भुत ऋषि परम्परा से परिपूर्ण सभ्यता है हमारी। एक ऐसा वैदिक धर्म है जो संपूर्ण प्रकृति और मानवता के लिए दैदीप्यमान और ज्योतिर्गमय है। पर इसे युग प्रभाव कहें या हमारी सामाजिक व्यवस्था का नैतिक पतन, जिसके कारण हम अपनी प्राचीन सनातन संस्कृति को विस्मृत करते जा रहे हैं। भगवान श्री राम के युग और भगवान श्री कृष्ण के युग की महिमा जग प्रसिद्ध है। रामायण और गीता हमारी अमिट संस्कृति के वो साक्ष्य हैं, जो लाख कोशिशों के बाद भी मिटायें नहीं जा सके। लगभग 1200 वर्ष बीत चुके हैं, पृथ्वी की इस पावन भूमि भारत देश में, सनातन संस्कृति और परम्पराओं को ग्रहण लगे हुए। क्या कारण है कि देव संस्कृति की यह भूमि किसी ऋषि श्राप से मुक्त नहीं हो पा रही है। आज 21 वीं सदी में उपभोक्तावादी सभ्यता ने हमारी संस्कृति को और अधिक प्रदूषित कर दिया है। हज़ार वर्षों की गुलामी और निष्क्रियता ने भारत कुल को, रघुकुल और भरतवंशी परम्पराओं से विमुख कर दिया है। परंतु हर्ष की बात यह है कि हमारी संस्कृति और सभ्यता इतना कुछ घटने के बावजूद भी सुरक्षित है। विषाद तो सिर्फ इतना सा है कि इन वर्षों में वैज्ञानिक विकास ने हमारे आध्यात्मिक ज्ञान को अदृश्य कर दिया,अब चारों ओर केवल भौतिक सुख सुविधाओं को पाने कि होड़ लगी हुई है। भौतिकता की अंधी दौड़ में प्रकृति संरक्षण और मानव कल्याण पीछे छूट गया है। एक समय आएगा, जब निश्चित ही विश्व कल्याण और उत्थान का मार्ग, हमारी इसी प्राचीन सनातन संस्कृति के द्वार से प्रशस्त होगा। विश्व की सभी शक्तियों को हमारी संस्कृति को पहचानकर, इसे अपनाने के लिए नैतिक रूप से बाध्य होना ही होगा। भारत आने वाले समय में विश्वगुरु बनेगा, इसमें कोई संदेह नहीं, परंतु इसका आरंभ भारत भूमि से हम सभी रघुवंशी एवं भरतवंशियों को मिलकर करना होगा। इसलिए जो भी भारतीय सनातन संस्कृति के महत्व को समझते हैं, वो एक पहल स्वयं से आरंभ करें, अपने परिवार और समाज से आरंभ करें। विज्ञान और प्रौद्योगिकी आधुनिक शिक्षा है, यदि उनका सदुपयोग वैदिक संस्कृति के साथ किया जाता है, तो निश्चित ही विश्व का कल्याण होगा। धरती और मानवता का सही मायनों में विकास हो सकेगा। क्योंकि व्यक्तिगत सुख सुविधाओं के पीछे दौड़ना हमारी सनातन ऋषि संस्कृति नहीं है।

# जनता को गुमराह करती, नगर परिषद बनगवां..?

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)।** बात असल मे यूँ निकल के आयी है कि नगर परिषद बनगवां में छंटनी की गई और धड़ल्ले से जो मस्टर श्रमिक चुप बैठे थे उन्हें इस लॉलीपॉप से मुक्त कर दिया गया। असल मे मामला कुछ यूं है कि विगत दिनों एक लिस्ट जारी कर के नगर परिषद बनगवां में कार्यरत मस्टर रोल श्रमिको को पृथक कर दिया गया। अगर कोरोना काल से ही अगर बात करे तो लगभग 250 कर्मचारियों (मस्टर श्रमिक) को नगर परिषद बनगवां भुगतान कर रहा था। छँटनी होते होते यह आंकड़ा पहले डेढ़ सौ पहुँचा और अब जाकर 72 पर सीमित हो चुका है। चौराहों की शोर के हिसाब से पाँच लोगों का राज्यसभा कोटा भी तय है जिसको वाइल्ड कार्ड एंट्री की तरह देखा जा रहा। फिर भी आइए अब आगे की खबरों की बात करते है। क्या नगर परिषद बनगवां में भर्ती घोटाला पार्ट 2 की साजिश तो नहीं?

**आखिर क्यों दिया गया 98 का लॉलीपॉप?**

नगर परिषद बनने के पश्चात पूरे प्रदेश भर में सबसे बड़े भ्रष्टाचार; संविलियन भर्ती घोटाला ने अपनी नींव रखी जिसकी परत दर परत खुलते हमने देखा है। नगर परिषद बनगवां शायद वह प्रथम परिषद होगी, जिसकी शुरुआत ही भर्ती घोटाले से हुई जो आज न्यायालय में विचाराधीन है। बताया जाता है कि नगर परिषद बनगवां के अंतर्गत संविलियन भर्ती घोटाले की शुरुआत, अवैध तरीके से नगर परिषद में 74 कर्मचारियों को संविलियन करा कर किया गया था जिसके लिए नगर के युवा वर्ग कई आंदोलन कई धरने भी किये। बढ़ते कालक्रम में , आयुक्त, नागरिक प्रशासन भोपाल. द्वारा जांच में यह पाया भी गया था कि संविलियन किए गए सारे कर्मचारी, नगर परिषद के वास्तविक कर्मचारी नहीं थे। उक्त जांच के उपरांत जिला चयन समिति के तमाम अधिकारियों के ऊपर रिकवरी का पत्र भी दिया गया जो यह पुष्टि करता है कि कुछ दाल में काला है।

**सामग्री क्रय एवं निर्माण कार्य में लगी जांच**

धीरे धीरे संविलियन भर्ती घोटाले को शांत कराने के लिए नगर परिषद बनगवां में नया घोटाला किया गया। सामग्री क्रय घोटाला। संविलियन भर्ती घोटाले को शांत कराने की जुगत के बीच नगर परिषद बनगवा के इन्ही नागरिकों के सामने, निर्माण एवं जेम पोर्टल की खरीदी में कई अनियमितता भी सामने उभर के आने लगी। नगर परिषद बनगवां राजनगर के उपाध्यक्ष धनंजय सिंह एवं वार्ड 11 पार्षद विकास प्रताप सिंह, व वार्ड 4 पार्षदपति आशा भीम जायसवाल द्वारा जेम पोर्टल की अनियमितताओ के बारे में आयुक्त शहडोल को पत्र लिखकर अवगत कराया जिसको लेकर जांच प्रक्रिया का भी प्रतिवेदन था। आखिरकार नगर परिषद बनगवां के सीएमओ राजेंद्र कुशवाहा को आयुक्त द्वारा पत्र प्राप्त




हो ही गया। पत्र में सीएमओ को स्पष्ट रूप से यह कहा गया कि जैम में की गई खरीदी में अनियमितताएं है एवं तत्कालीन समस्त जैम पोर्टल की खरीदी को निरस्त किया जाता है। जैम की खरीदी को निरस्त करने के उपरांत भोपाल आयुक्त द्वारा चार सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई जिनका जांच होना प्रगतिशील है।

**आखिर कर्मचारियों को क्यों किया जा रहा है गुमराह?:** नगर परिषद बनगवां राजनगर द्वारा मास्टर रोल कर्मचारियों के ऊपर जो गाज गिरी वह दर्द हर एक कर्मचारी के लिए असहनीय था। सभी को उनके समस्याओं के दौर में अलग किया गया। कोई अपने पत्रकार पति को खो चुकी खुद को सम्हालने वाली विधवा थी, तो किसी के पास पृथक होने के आदेश आने से पहले उसकी माँ के कैंसर हो जाने की रिपोर्ट हाथ मे थी। कोयलांचल क्षेत्र होने के नाते प्राइवेट कंपनी यहां आती नहीं एवं रोजगार का कोई और रास्ता नही है। कई मध्यवर्ती परिवार अपना जीवन यापन करने के लिए नगर परिषद बनगवा पर मास्टर रोल श्रमिक के रूप पर कार्यरत थे। आज वे कई सारे नगर परिषद से पृथक किए जा चुके है।

**सारांश में पढ़िए मामला:** नगर परिषद बनगवां के सीएमओ द्वारा एक पत्र का हवाला देते हुए नगर परिषद में मात्र 72 कर्मचारियों जरूरत बताकर पृथककरण की कार्यवाही जारी की गई। प्रथम दृष्ट्या अपने अधिकारो को लड़ने के लिए स्वच्छता कर्मी के 40 लोगों को जगा दिया गया एवं बचे 32 कर्मचारियों को अगले लिस्ट का इंतजार करने के लिए कहा गया। दिनांक 13/04/2023 को नगर परिषद बनगवां के सीएमओ राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा जी द्वारा 27 कर्मचारियों का लिस्ट सार्वजनिक किया गया एवं लिस्ट को देखने के पश्चात चौक चौराहों पर लोग यह चर्चा करने लगे कि यह लिस्ट राजनीतिक रूप से बनाया गया है, क्योंकी 3-4 कर्मचारी नवनिर्वाचित अध्यक्ष जी के निर्वाचित वार्ड से हैं। गौरतलब हो कि उसी वार्ड के कुछ ऐसे भी कर्मचारी थे जिन्हें महज कुछ महीने पहले ही ड्यूटी पे रखा गया था बिना किसी योग्यता और आधार जांच कराए।

**पीआईसी के सदस्य को नहीं पता था पी आई सी के प्रस्ताव:** नगर परिषद बनगवा द्वारा कर्मचारियों को रखने के लिए पी आई सी की मंजूरी दी गई थी. मगर निर्वाचित पार्षद (सभापति) को ही नहीं पता था की पी आई सी रजिस्टर में कर्मचारियों के संबंधित मंजूरी का भी प्रस्ताव पारित कर दिया गया। एक तरफ अध्यक्ष का कहना है कि हमने 32 लोगो का पी आई सी के द्वारा प्रस्तावित किया है जबकि दूसरी तरफ उन्ही के सभापतियो को यह नहीं पता कि प्रस्ताव रजिस्टर पर कर्मचारी संबंधित कोई भी प्रस्ताव आया था। बेचारे भोले भाले कर्मचारी अभी भी यह आस लगाए बैठे हुए हैं कि 98 की स्वीकृति के लिये उनके जनप्रतिनिधि लड़ रहे हैं। अब उन्हें कौन बताए कि उनके नेताजी 32 की स्वीकृति पी आई सी रजिस्टर में पहले करके बैठे हुए हैं. कुल मिलाकर खिचड़ी बन चुकी है। पीआईसी सदस्यों को पता ही नहीं कि प्रस्ताव भी हुआ है और अध्यक्ष ने प्रस्ताव पारित भी कर दिया है.

## इनका कहना है-

*प्रेसिडेंट इन काउंसिल द्वारा 32 कर्मचारियों का ही प्रस्ताव पारित किया गया है*

***यशवंत सिंह***
***अध्यक्ष नगर परिषद बनगवां राजनगर***

*मुझे ऐसे किसी भी प्रेसिडेंट इन काउंसिल के प्रस्ताव के बारे में जानकारी नहीं है*

***धनंजय सिंह***
***उपाध्यक्ष नगर परिषद बनगवां***

*प्रेसिडेंट इन काउंसिल द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया था एवं पी.आई.सी सदस्यों के द्वारा ही नाम भी दिया गया था*

***राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा***
***मुख्य नगर परिषद अधिकारी बनगवां***

*मुझे कर्मचारी संबंधित ऐसे किसी भी प्रेसिडेंट इन काउंसिल के प्रस्ताव की जानकारी नहीं है*

***मनोज चंदेल***
***पार्षद वार्ड क्रमांक 9 एवं सभापति***

*मुझे ऐसे किसी भी प्रस्ताव की जानकारी नहीं है*

***पार्वती पनिका***
***पार्षद वार्ड क्रमांक 1 एवं सभापति***

*सीएमओ का काम ही है सिर्फ आग लगाना मेरे द्वारा ऐसे किसी भी प्रस्ताव की जानकारी नहीं है*

***समय पटेल***
***पार्षद वार्ड क्रमांक 12 एवं सभापति***

# जिले के ग्राम पंचायतों में आयोजित हुआ मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण







**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)**

शहडोल। जिले के ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम आयोजित किया गया। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण वर्चुअल रूप से शहडोल जिले के जनपद पंचायत व्यवहारी के ग्राम पंचायत दलको कोठार, सरसी,महादेवा, जनपद पंचायत बुढार के अमहा सहित अन्य जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतों एवं नगर में सभी वार्डों में किया गया। मन की बात में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आजादी के अमृत वर्ष में भारतीयों के व्दारा देश को विकसित करने हेतु एक दूसरे के कार्यों से प्रेरणा लेकर अनेकों नवाचार किये है, शिक्षा, जल संरक्षण, पर्यावरण, बेटी बचाओ तथा बेटी पढ़ाओ, जेन्डर रेशियो में सुधार, व्होकल फार लोकल के लिए नवाचार किये जा रहे हैं, मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री को आम आदमी से जुडने, चर्चा तथा पत्राचारो के माध्यम से जुडने तथा उनके विचार जानने का अवसर मिलता है।

**आवश्यकता**

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204




# थाना नरसिंहगढ़ पुलिस द्वारा ऑनलाइन द्रुस्र लेकर आईपीएल का सट्टा लिखने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई

**राजगढ़ से मुकेश अहिरवार की रिपोर्ट**

जिले के ऊर्जावान पुलिस कप्तान श्री बीरेंद्र कुमार सिंह (भा.पु.से) द्वारा जिले में आते ही अवैध गतिविधियों जुआ , सट्टा, अवैध शराब, अवैध उत्खनन और उनमें संलिप्त अपराधियों पर कठोर कार्यवाही करने और उनके अवैध कारोबार को ध्वस्त करने के लिए निर्देशित किया है अतरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनकमना प्रसाद, एसडीओपी नरसिंहगढ़ श्री उपेंद्र सिंह भाटी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ श्री अवधेश सिंह तोमर की टीम द्वारा ऑनलाइन द्रुस्र लेकर सट्टा लिखने वाले के विरुद्ध कार्यवाही की गई दिनांक 01/05/23 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी की कस्बा नरसिंहगढ़ में ऑनलाइन आईपीएल का सट्टा चल रहा है थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ द्वारा तुरंत सूचना की पुष्टि करने के लिए टीम गठित कर सट्टा रेड करने के लिए निर्देशित किया टीम द्वारा अपनी गोपनीय सूचना तंत्र से वेरिफाई करने के बाद 02 व्यक्तियों को अलग अलग स्थानों से मय इलेक्ट्रानिक उपकरण मोबाइल और नगदी के गिरफ्तार किया, गिरफतार किए गए व्यक्तियों के नाम मोहन(परिवर्तित नाम) को जयस्तंभ चौक से व कमलेश (परिवर्तित नाम) को बस स्टैंड नरसिंहगढ़ से गिरफ्तार कर इसमें जोड़ों की दोनों आरोपियों के खाते में हजारों का लेनदेन का रिकॉर्ड मिला है जिसकी तस्दीक की जा रही है साथ ही नगदी व मोबाइल फोन जप्त कर प्रथक प्रथक अपराध, अपराध 268/23, 269/23 धारा 4(क) पब्लिक गेंबलिंग (मध्य प्रदेश)एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है दोनो के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है नरसिंहगढ़ के और भी व्यक्तियों की इसमें लिप्त होने की जानकारी मिली है जिसकी जांच चल रही है।



# आम आदमी पार्टी ने 20 ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा के साथ किया कई प्रकोष्ठो का गठन किया

**मुकेश अहिरवार राजगढ़**

राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक द्वारा जिले में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए जिले के सभी पांचों सीटों पर आम आदमी पार्टी अपने उम्मीदवार मैदान में उतारेगी इसी क्रम में संगठन को मजबूत करने के लिए राजगढ़ जिला अध्यक्ष विरेंद्र यादव के नेतृत्व में जिले के 20 ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा की गई जिसमें ब्यावरा से डॉ. कन्हैयालाल भारतीय, सुठालिया दीवान सिंह राजपूत , पीपलहेला दीपक गुर्जर , गादिया एडवोकेट दौलतराम विजयपुरिया, नरसिंहगढ़ एडवोकेट आलोक कुमार सोनी, कुरावर फौजी दिनेश चंद्रवंशी, बोडा दिलीप सिंह खींची , तलेन रमेश पुष्पद, सारंगपुर ईश्वर राजपूत , गुलावता मोहन नागर, संडावता अर्जुन राजपूत , पचोर लखन मालवीय, राजगढ़ मनीष मालवीय, कालीपीठ नितेश चौहान, पपडेल बीरम सिंह तोमर, खुजनेर राजेश कुमार बंजारा, खिलचीपुर कुशाल सिंह दांगी, छापीहेड़ा बसंत कुमार नागर , माचलपुर बने सिंह गुर्जर , जीरापुर पंकज गुप्ता सभी ब्लॉक अध्यक्ष के साथ किया कई प्रकोष्ठो का गठन किया जिसमें पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष भारत सिंह कुशवाह, अनुसूचित जाति वर्ग




जिलाध्यक्ष मुकेश जाटव , डॉक्टर प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डॉ आशीफ चौधरी, किसान वर्ग प्रकोष्ठ कैलाश दांगी , एजुकेशन प्रकोष्ठ पंकज कौशिक , अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ एम.ए. अलीम बाबा सदर , व्यापारी प्रकोष्ठ जयशंकर मेहरे सभी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष के साथ साथ कार्यकारणी का गठन किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिले के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की।

**कोटरी डैम से पेयजल सप्लाई की 90 मीटर केबल को अज्ञात चोरों ने किया चोरी**

# लोकेशन बोडाः बोडा सीएमओ ने अज्ञात व्यक्ति पर f.i.r. करने के लिए बोडा थाना प्रभारी को लिखा पत्र

**मुकेश अहिरवार राजगढ़**

कोठरी डेम के बिजली खंभों की केबल चोरी होने के कारण बोडा नगर की पेयजल सप्लाई की व्यवस्थाए बाधित हुई आपको बता दे कि नगर परिषद बोडा के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजना एवं पेयजल समस्या हमेशा की तरह अकसर सुर्खियों में बनी रहती है कभी भ्रष्टाचार को लेकर तो कभी अनियमितता को लेकर ऐसा ही मामला जल प्रदाय लेकर सामने आया है 40 डिग्री से ऊपर की भीषण गर्मी में समय पर पानी उपलब्ध न होने से बोडा नगरवासी पीने के पानी को लेकर परेशान हो रहे हैं बोडा नगर परिषद ने रियान वाटर सप्लायर के सर पर रखी अपनी जल सेवाओं की जिम्मेदारियां भीषण गर्मी को


Later boda 733

कार्यालय नगर परिषद् बोड़ा जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.
{Email ID cmonpbod@gmail.com Th. No. 07375-243233}

क्रमांक / / न.प.बोड़ा / जलप्रदाय / 2023 /571 बोड़ा दिनांक 28.04.2023

प्रति,
थाना प्रभारी अधिकारी,
पुलिस थाना–बोड़ा
जिला राजगढ़ (म.प्र.)

विषय :– अज्ञात व्यक्ति के विरूद्व F.I.R दर्ज कराने के संबंध में ।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत अनुरोध है कि नगर की पेयजल आपर्ति कुवॅर चैन सागर डेम से पाईप लाईन के माध्यम से नगर में पेयजल वितरण किया जा रहा है। दिनांक 28.04.2023 को अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा पेयजल अपूर्ति में चल रही कोटरी डेम मोटर पम्प की 90 मीटर केबल वायर चलते समय चोरी की गई, जिसके कारण निकाय की टंकी में पानी की आपूर्ति नहीं होने से नगर में पेयजल वितरण नहीं हुआ है।

अतः अनुरोध है कि उक्त चोरी के संबंध में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्व F.I.R दर्ज करवाने का कष्ट करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बोड़ा

पृष्ठांकन क्रमांक / न.पं.बोड़ा / जलप्रदाय / 2023 /572 बोड़ा दिनांक 28/04/2023
प्रतिलिपिः–
(1) अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) नरसिंहगढ़ की और सादर प्रेषित।
(2) परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण राजगढ़ की और सूचनार्थ प्रेषित।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बोड़ा

ध्यान में रखते हुए क्या नगर परिषद बोडा को सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम नहीं करने चाहिए थे अगर ऐसा ही चलता रहा तो जून माह में आने वाले समय कई बड़ी घटनाएं भी हो सकती है अति गंभीर विषय यह है कि नगर परिषद बोडा द्वारा लाखो रुपए जल कर के नाम से वसूल किए जाते है क्या तुरंत नई लाइट कबल लगा कर जल प्रदाय चालू नहीं कर सकते है किया रियान वाटर के द्वारा लगभग दो माह से निशुल्क जल प्रदान किया जा रहा है आपको यह भी बता दे कि नगर परिषद के द्वारा पिछले कुछ दिनों से उपभोक्ताओं से जल कर वसूल किया जा रहा है जबकि यह अधिकार रियान वाटर ठेकेदार द्वारा लिया जाना चाहिए बोडा सीएमओ रामलाल कुशवाह का कहना है कि नगर परिषद बोडा द्वारा अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ fir दर्ज करवा दी गई है जल्द ही पेय जल वितरण किया जाएगा रियान वाटर सप्लायर का कहना हैं कि नागरिकों की सेवा के लिए हम सदेव तत्पर है जल सेवा एक बार फिर पुनः सुचारू रूप से भोजन चालू की जाएगी।

# जिले में अवैध शराब धरपकड़ अभियान के तहत तलेन पुलिस टीम की कार्यवाही

## अवैध शराब बेचने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए हाथ भट्टी की कच्ची 60 लीटर शराब किमती 12,000/- रुपये कि जप्त

## जिला राजगढ़ में पुलिस अधीक्षक श्री बीरेंद्र कुमार सिंह (भापुसे) द्वारा अवैध शराब

**मुकेश अहिरवार**

राजगढ। दिनांक 02.05.23 को चौकी प्रभारी इकलेरा को विश्वसनीय मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम बरनावद मे पुलिया के पास कच्ची शराब लिये बैठा है सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस चौकी इकलेरा से टीम गठित कर रवाना की गई । जैसे ही पुलिस टीम ग्राम बरनावद मुखबिर के बताये स्थान पहुंची तो एक व्यक्ति मिला जिसके पास दो स्लेटी रंग कि दो प्लास्टिक की कैनो को हाथ मे पकडे हुए बेठा था जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पुलिस कि उक्त टीम द्वारा पकडा व नाम पता पूछा तो उन्होने अपना नाम दुर्गाप्रसाद कुशवाह उम्र 36 साल निवासी ग्राम बरनावद थाना तलेन का होना




बताया जिसके कब्जे कि प्लास्टिक कि कैनो के संबंध मे पूछा तो उक्त कैनो मे हाथ भट्टी की कच्ची शराब 30-30 लीटर कुल 60 लीटर होना बताया ।तस्दीक हेतू पंचान एवं हमराह स्टाफ को चेक कराया तो हाथ भट्टी की कच्ची शराब कुल 60 लीटर किमती 12,000 रुपये कि होना पाई गई उक्त व्यक्ति से उक्त शराब रखने व लाने लेजाने के संबंध मे लाइसेंस चाहा तो नही होना बताया उक्त शराब को आरोपी के कब्जे से विधिवत जप्त कर जप्ती पंचनामा तैयार लिया गया बाद आरोपी को मौके पर विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी पंचनामा तैयार किया गया

# पुनर्वास वार्ड नंबर 12 में राम मंदिर प्रांगण में की गई बैठक में हड़ताल पर चर्चा

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)**



**अनूपपुर/डोला।** आपको बता दे कि पुनर्वास अयोध्या नगर वार्ड नंबर 12 के निवासियों के मुताबिक पूर्व में राजनगर ओ.सी.एम के द्वारा वार्ड नं0 12 को जबरन बसाया गया जिसमें कि दफाई में रोड लाइट व भवन निर्माण की सामग्री राजनगर ओसीएम द्वारा उपलब्ध कराई गई । साथ ही वार्ड के पास से ही दुबारा खदान चालू किया गया। पुनः खदान के चालू होने से पुनर्वास वार्ड नं0 12 के पास में आज राजनगर ओ.सी.एम के द्वारा लगातार ब्लास्टिंग होने के कारण वार्ड के लोगों के घरों में दरारे अति जा रही है जी की एक गंभीर समस्या बन कर उभरी है व ब्लास्टिंग के दौरान निकलने वाले गैस से वार्ड नं0 12 में रहने वाले लोगों को गंभीर बीमारी का खतरा बना हुआ रहता है ।साथ ही ब्लास्टिंग की वजह से वार्ड नं0 12 में वार्डवासियों को पीने का पानी भी नही मिल पा रहा है वार्डवासियों के मुताबिक ब्लास्टिंग की वजह से वार्ड नं 12 के सभी बोर,हैंडपंप अच्छे से काम नही कर रहे हैं। इन्हीं सभी विषयों पर सभी वार्ड नं0 12 के लोगों के द्वारा दिनांक 4/05/2023 पे बैठक पर चर्चा की गई । जिसमें कि 10/05/2023 को हड़ताल करने का निर्णय लिया गया।

# पूर्व सरपंच श्री खुशीलाल अहिरवार के सुपुत्र गिरीश गगन के विवाहोत्सव पर जनप्रतिनिधियों ने आशीर्वाद प्रदान कर शुभकामनायें दी

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

**खापरखेडा (पिपरिया)।** अहिरवार समाज के सक्रिय समाजसेवी एवं खापरखेडा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच श्री खुशीलाल अहिरवार के ज्येष्ठ पुत्र चिरंजीवि गिरीश (गगन) के विवाहोत्सव समारोह निज निवास खापरखेडा पिपरिया विधानसभा जिला नर्मदापुरम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी एवं पत्रकार सहित स्वजन सम्बन्धियों ने शादी समारोह में शामिल होकर पूर्व सरपंच श्री खुशीलाल अहिरवार को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रदान की। बधाई और शुभकामनाएं देने पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री ठाकुरदास नागवंशी, डब्बू सरदार बीजेपी वरिष्ठ नेता, कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं अहिरवार समाज संगठन के अध्यक्ष श्री रमेश बामने, मनोज बामने, वरिष्ठ पत्रकार श्री मूलचंद मेधोनिया, गृह मंत्रालय मध्यप्रदेश भोपाल के श्री महेश अहिरवार, मनोज अहिरवार, सहित समाज के गणमान्य जन उनके निवास पर





पहुंचकर चिरंजीवि गगन को शुभकामनाएं दीं। पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के अनेकों वरिष्ठ नेता और सामाजिक सेवक लोगों ने बधाई प्रदान की। जय गुरु देव नशामुक्ति के गुरु भाईयों ने भी शादी में विशेष तौर पर पहुंच कर चिरंजीवि गगन को बधाई दी। आज निज निवास खापरखेडा पिपरिया से शाम 4 बजे ग्राम अठठ्यास के लिए बरात प्रस्थान करेंगी। जिसमें पिपरिया विधानसभा और जिला नर्मदापुरम के अनेकों सामाजिक नागरिकों व जनप्रतिनिधियों के विवाहोत्सव समारोह में शामिल होकर वर वधु को आशीर्वाद प्रदान करने अठठ्यासा विधानसभा तेन्दूखेडा जिला नरसिंहपुर शामिल होने पहूँच रहे हैं। वहां नव युगलों के दाम्पत्य जीवन सुखमय हो व उन्हें मंगलकामनाएं देने हेतु वरिष्ठ जन पहूंच रहे हैं।


# थाना निशातपुरा पुलिस ने महज 04 घंटे मे नाबालिक बालक को किया दस्तयाब

**भोपाल।** दिनांक 02.05.23 को फरियादिया निवासी शांति नगर कालोनी करोंद भोपाल ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट किया कि उनका नाबालिक बेटा उम्र 14 साल दिनांक 01.03.23 को बिना बताये कही चला गया है, फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना निशातपुरा मे अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 365/23 धारा 363 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में व्यपहर्त बालक की तलाश पतासी हेतु उनि हरिशंकर वर्मा, प्र आर रमेश यादव, आर मोहन पटेल टीम तैयार कर तलाश पतारसी हेतु रवाना किया गया। टीम द्वारा कडी मेहनत व लगन से व्यपहर्ता बालक को महज 4 घंटे मे ही तलाश पतारसी कर घटना के संबंध मे पूछताछ किया गया, जिस पर किसी प्रकार का अपराध का घटित होना नही पाया गया। बालक ने बताया कि वह दोस्तों के साथ घूमने चला गया था। उपरांत बच्चे को सकुशल परिजनो के सुपुर्द किया गया। उक्त सराहनीय कार्य मे थाना प्रभारी रुपेश दुबे, उनि हरिशंकर वर्मा, प्र आर रमेश यादव, आर मोहन पटेल की महत्तवपूर्ण भूमिका रही है।

# डीबी सिटी मॉल (गुरूदेव गुप्त चौराहा) से बोर्ड ऑफिस चौराहे तक मार्ग परिवर्तित

**भोपाल**

भोपाल शहर में डीबी सिटी मॉल के पास मेट्रो रेल स्टेशन के निर्माण कार्य के दौरान डीबी सिटी मॉल (गुरूदेव गुप्त चौराहा) से बोर्ड ऑफिस चौराहे तक सुरक्षा की दृष्टि से मार्ग बंद कर ट्राफिक को डायवर्सन किया जाना आवश्यक है । जिसकी सूचना निर्माण कंपनी द्वारा यातायात पुलिस को दी गई है । सुरक्षित यातायात के दृष्टिकोण से निर्माण कार्य के दौरान दिनांक 06.05.23 से 05.06.23 तक यातायात का डायवर्सन प्लान निम्नानुसार रहेगा ।




डीबी सिटी मॉल (गुरूदेव गुप्त चौराहा) से बोर्ड आफिस चौराहा या रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन की ओर जाने वाले वाहन डीबी सिटी मॉल (गुरूदेव गुप्त चौराहा), होकर होटल रेसीडेंसी, ज्योति टॉकीज से बोर्ड ऑफिस चौराहा होकर रानी कमलापति स्टेशन की ओर जा सकेंगे । इसी प्रकार बोर्ड आफिस चौराहा से डीबी सिटी मॉल (गुरूदेव गुप्त चौराहा), मंत्रालय, कोर्ट चौराहा या मैदामिल की ओर जाने वाले वाहन बोर्ड आफिस चौराहा से व्यापम चौराहा होकर वल्लभ भवन रोटरी, मंत्रालय, कोर्ट चौराहा या मैदामिल की ओर आवागमन कर सकेगें ।

## भाजपा सरकार ने आदिवासियों के जो पट्टे निरस्त किये, वे वापस दिलाये जायेंगे

# आदिवासियों को वन अधिनियम के अधिकारों से वंचित कर दिया भाजपा सरकार ने: कमलनाथ

**भोपाल**



गोंड समाज की सम्मानित रानी दुर्गावती एवं राजा तेज सिंह की इस भूमि को मैं प्रणाम करता हूं। तेजगढ़ यह वीरों की भूमि है यहां आकर मैं स्वयं को धन्य महसूस करता हूं। पिछले चुनाव के पहले मैं जबेरा आया था। यहां आकर बेहद खुशी होती है, परंतु साथ साथ दुख भी होता है, बड़ी संख्या में आज यहां हमारे नौजवान साथी उपस्थित हुए हैं और सबसे बड़ी चिंता आज प्रदेश में लगभग एक करोड़ नौजवानों के भविष्य की है। आज प्रदेश की तस्वीर सबके सामने हैं। आज हमारे दमोह जबेरा पथरिया हटा में सबसे ज्यादा पलायन हो रहा है। मांगों की बात करें तो मेडिकल कॉलेज की लंबे समय से मांग चली आ रही है। शिवराज सिंह चौहान यहां आए थे और मेडिकल कॉलेज की घोषणा करके चले गए। उसके बाद उस घोषणा का क्या हुआ कोई पता नहीं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज दमोह जिले के जबेरा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये यह बातें कहीं।

कमलनाथ ने कहा कि बड़ी संख्या में आज यहां हमारे आदिवासी भाई मौजूद हैं जो वन अधिनियम के लाभार्थी हो सकते थे परंतु प्रदेश की भाजपा सरकार ने हमारे आदिवासी भाइयों को उनके अधिकारों से वंचित कर दिया है। दमोह एकमात्र जिला है, प्रदेश में जहां पर आदिवासी भाइयों के 70 प्रतिशत पट्टे निरस्त कर दिए गए।

कमलनाथ ने कहा कि मैं आदिवासी भाइयों को वचन देता हूं कि जिस दिन हमारी सरकार बनेगी, उसी दिन सभी फाइलों को दोबारा खोलकर आप के पट्टे आपको दोबारा लौटए जाएंगे।

कमलनाथ ने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही शिवराज सिंह ने घोषणाओं की बारिश शुरू कर दी है, वे आजकल जेब में नारियल लेकर चल रहे हैं, चुनावी बेला में बहनों की याद आ रही है। मैं पूछना चाहता हूं कि 18 वर्षों तक उन्हें बहनों की याद क्यों नहीं आई उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हमारे अतिथि शिक्षकों से किए हुए वादों का क्या हुआ, संविदा स्वास्थ्य कर्मी हड़ताल कर रहे हैं उनकी मांगे पूरी क्यों नहीं की जा रही हमारी आशा कार्यकर्ता बहने आज दुखी हैं, उनके मानदेय का क्या हुआ

कमलनाथ ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मात्र 5 महीने बचे हैं, हर चुनाव के अलग-अलग मुद्दे होते हैं, विकास के मुद्दे तो हैं ही, लेकिन सबसे जरूरी है कि बुंदेलखंड और दमोह जिले की जो उपेक्षा की गई है, उसका हिसाब भारतीय जनता पार्टी से लेना है। ताकि हमारा जबेरा विधानसभा और हमारा दमोह जिला विकास की धारा में दोबारा आ सके।

# संभागायुक्त और कलेक्टर भोपाल ने फिर किया हमीदिया और चिरायु का दौरा

**भोपाल।** कमिश्नर भोपाल मालसिंह भयड़िया और कलेक्टर आशीष सिंह ने जीएमसी मेडिकल कालेज,हमीदिया और चिरायु अस्पताल का पुनः दोपहर 2 बजे निरीक्षण किया। स्वास्थ्य कार्य कर रहे डॉक्टरों से चर्चा की । उन्होंने बताया की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर शासन द्वारा निजी अस्पतालों में निःशुल्क उपचार की व्यवस्था की गई है। संभागायुक्त माल सिंह भायडिया और कलेक्टर आशीष सिंह ने दोपहर 2 बजे जीएमसी और हमीदिया अस्पताल का निरीक्षण कर अधिकारियो को निर्देश दिए कि किसी को परेशानी नहीं हो और तुरंत ही इलाज उपलब्ध हो। इसके बाद चिरायु अस्पताल का निरीक्षण किया और रेफर किए गए मरीजों को मिल रहे ईलाज और व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। आज दोपहर बाद भी जीएमसी और हमीदिया से उपचार के लिए आये लोगों को निजी अस्पतालों में भर्ती कराने के लिए भेजा गया। दोनो अस्पतालों में पूरी तरह निःशुल्क उपचार की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर आशीष सिंह बताया की सभी जगह व्यवस्था सुचारू बनी रहे इसके लिए अधिकारियो की सभी जगह तैनात किया गया है। जिससे किसी को भी कोई भी समस्या नही हो और त्वरित उपचार मिल सके और गंभीर बीमारी, दुर्घटना और अन्य भर्ती होने वाले मरीजों को चिरायु मेडिकल कालेज में भर्ती करने के लिए रवाना कराया।

# पक्षियों के संरक्षण में युवाओं का सराहनीय प्रयास- कमिश्नर राजीव शर्मा

## युवाओं की टोली ने कमिश्नर राजीव शर्मा को भेंट किया सकोरा

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)**

शहडोल। गर्मी में मानव हो या फिर पशु-पक्षी सभी को ठंडे जल की तलाश रहती है। लोगों के लिए तो जगह-जगह प्याऊ व नल के साथ ही पानी की उचित व्यवस्था मिल ही जाती है, लेकिन पक्षियों को पानी के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में लोगों की जिम्मेदारी है कि वे पक्षियों के लिए दाना व पानी की उचित व्यवस्था कर अपने जिम्मेदारी का निर्वाहन करें। ताकि खुले आसमान और धूप में विचरण करने वाले पंछियों को राहत मिल सके। पक्षियों के संरक्षण के उद्देश्य से उमरिया जिले के सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया ने पक्षियों के लिए कदम बढ़ाया है। इसी उद्देश्य के साथ शहडोल संभाग कमिश्नर राजीव शर्मा को सकोरा भेंट किया। कमिश्नर राजीव शर्मा ने कहा कि युवा टीम उमरिया युवाओं की टोली का यह अत्यंत सराहनीय प्रयास है। युवाओं के इस प्रयास में हम सभी को अपनी सहभागिता निभाकर पक्षियों के लिए सकोरे बांधने चाहिए जिससे विलुप्त हो रहे पक्षियों का संरक्षण हो सके। कमिश्नर शर्मा ने कहा इस पुनीत कार्य के लिए लोगो को जागृत करने व परिवार के साथ पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लें इससे पुण्य तो मिलेगा ही साथ ही लोग पक्षियों की जान बचाने के लिए आगे आएंगे।ऐसे में हमारी यह जिम्मेदारी ही नही अपितु कर्तव्य भी है कि हम पक्षियों के लिए दाना व पानी की उचित व्यवस्था कर अपने मानव धर्म का निर्वहन करें। ताकि खुले आसमान और धूप में विचरण करने वाले पंछियों को राहत मिल सके। टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने बताया कि इस गर्मी में आम जनता और राहगीर प्रभावित हो रहे है,ऐसे में मूक पशु पक्षी दाना पानी के लिए परेशान होते हैं। हर साल की तरह इस साल भी पक्षियों के लिए पानी के सकोरे पेडों पर बांधे है। जिसकी शुरुआत विगत दिनों से की गई है। युवा टीम ने जिलेभर में दो हाजार सकोरे बांधने व वितरण करने का संकल्प लिया है।उन्होंने कहा कि गर्मी के चार महीने हम उनके लिए अपने घर और आसपास दाना-पानी की व्यवस्था कर दें, तो इससे बड़ा पुण्य का और कोई दूसरा काम नहीं होगा। सकोरा भेंट करते दौरान हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,अमृता सिंह, सुनील प्रजापति, स्वाति दुबे, माया सिंह एवं सभी उपस्थित रहे।





# मजदूर दिवस को ही विलुप्त करने में लगा है शासन- विक्रमा सिंह





**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)**

अनूपपुर। आज मजदूर दिवस को ही विलुप्त करने में लगा है शासन प्रशासन उक्ताश्य का वक्तव्य विक्रमा सिंह प्रदेश सचिव इंटक,मध्यप्रदेश ने बिजुरी कालरी में आयोजित मजदूर दिवस के अवसर पर दिया है । श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश के हर जिले में लेबर इस्पेक्टर पदस्थ है लेकिन आज के दिन में पुरे जिले में निर्माण मजदूर काम करते देखे जा रहे है। संबधित अधिकारी का दायित्व बनाता है कि आज के दिन तो कम से कम सामुहिक रूप से मजदूर अपने कल्याण ,जागरूकता कौशल विकास पर फिक्रमंद होकर उत्सव उत्साह समारोह में  में शामिल हो सके । यह दिन विश्व के मजदूरों के लिये अमूल्य दिन है । जो मजदूर शोषण के विरूध एक जुटता के साथ लड़कर प्राप्त हुआ है । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शंखधर त्रिपाठी ने कहा कि हमारे मजदूर पुर्वजो ने अपनी शहादत से आज का मजदूर दिवस प्राप्त किया है । आज के दिन मजदूरों के त्यौहार के रूप में मनाये जाने की अवश्यकता है । जो आज प्रदेश इंटक के बैनर तले यहॉ मजदूरों को सम्मानित और उत्साहित करने का सराहनीय हुआ है । कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त करते हुये बालेन्द्र सिंह ने कहा कि इंटक प्रदेश अध्यक्ष श्री आर.डी.त्रिपाठी जी के मंशानुसार मजदरों के साथ खड़ी है और समय समय पर आगे मजूदर हीत में कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी । अस अवसर पर भीम सेन गौड,उमाशंकर यादव, राधेश्याम ,राजेश पाण्डेय, बृजेश मिश्रा पप्पु ,रामनरेश महरा, रामबहोर जयसवाल,नानदाउ, तेजभान सिंह,छोटेलाल सिंह,भुपेन्द्र सिंह,मनोज सोनी, जानकीप्रसाद केवट महेन्द्र प्रताप यादव ,आदि को अंगबस्त्र, फुलमाला, से सम्मानित किया गया । इस अवसर पर ओमप्रकश त्रिपाठी ,सोनू सिंह , मुसाफिर शर्मा, योगेन्द केवट, अनिल कोल,जितेन्द्र पटेल,कोमल कुमार, टीकाराम यादव, अखिलेश यादव, पिंटू सिंह,भीम सिंह, आदि शामिल रहे । कार्यक्रम का सफल संचालन इंटक नेता समेश यादव एवं अशोक तिवारी ने संयुक्त रूप से किया ।

# मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी द्वारा  लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के तहत ,लाड़ली बेटियों को सम्मान किया गया



**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)।** अनूपपुर/डोला। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ,श्री रामप्रकाश श्रीवास्तव जी लेखापाल के अध्यक्षता में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का सफल आयोजन किया गया ,जिसमे   नगर परिषद डोला,नगर प्रथम महिला अध्यक्ष श्रीमती रीनू सुरेश कोल जी ,एवम उपाध्यक्ष श्री रविशंकर तिवारी जी के करकमलों द्वारा लाडली लक्ष्मी बालिकाओ का सम्मान एवम कन्यापूजन , वृक्षारोपण ,,व नृत्य ,गायन  इत्यादि कार्यक्रम किया गया। जिसमे  सभी  सम्मानीय पार्षदगण,आंगनबाड़ी की समस्त कार्यकर्ता ,अंत्योदय समिति के सदस्य श्री राजधर दुबे जी ब्बब्क सम्मानीय बीजेपी बूथ अध्यक्ष एवम समस्त नगरवासियों के उपस्थित में सफ़ल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



# आखिर बिजुरी वनपरिक्षेत्र मे वन्य प्राणियो की सुरक्षा व्यवस्था में बार बार चूक कैसे क्यों विभाग लापरवाह!

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)**

**कोतमा।** वनमंड़ल अनूपपुर के वनपरिक्षेत्र अंतर्गत तीसरी बार वन्यप्नाणी चीतल होने की पुष्टि हुई इससे साफ तौर पर प्नतीत होता है कि बिजुरी वनपरिक्षेत्र के वनो में वन्य जीव चीतल सहित अन्य वन्य जीव भी निवास करते है? ज्ञातव्य हो कि इससे पहले भी नगर के भीतर पहले कपिलधारा कालोनी के भीतर लगभग 9,10 वर्ष की मादा चीतल नाला में मिला था जिसे कुत्तो ने नोच मार डाला रहा, जिसकी वजह से मौत होने की पुष्टि वनपरिक्षेत्र बिजुरी द्वारा किया गया रहा? उसके 1,2 माह बाद फिर एक नर एवं एक मादा चीतल बिजुरी के मुख्य बाजार के अंदर नगर के घने वार्ड के भीतर होने की बात सामने आया रहा? जिनकी भी मौत होने का कारण वनपरिक्षेत्र बिजुरी द्वारा कुत्तों के काटे जाना दर्शाया गया? और एक बार फिर बिजुरी नगर के माईनस कॉलोनी स्थित डबल स्टोरी तक भटक कर चीतल पहुँच गया? जिसके बारे में कालोनी वासियो ने वनविभाग बिजुरी को सूचना देते हुये चीतल को पकड़ लिया? जानकारी होने के बाद वन अमले द्वारा मौका स्थल पर पहुँच कर चीतल को अपने कब्जे में ले लिया गया? हालांकि इस बार वन्य प्नाणी चीतल की हताहत होने की खबर नहीं मिली? लेकिन इतने बार के खबर से यह साफ स्पष्ट होता है कि बिजुरी वनपरिक्षेत्र अंतर्गत वन्यप्नाणी है जिनकी सुरक्षा व्यवस्था होना जरुरी है? बिजुरी वनपरिक्षेत्र बड़े पैमाने पर फैला हुआ है जो छत्तीसगढ़ वन परिक्षेत्र से भी जुड़ा हुआ है? परन्तु सोचने का विषय है कि इतनी बार वन्य प्नाणियो की पुष्टि होने बावजूद वन परिक्षेत्राधिकारी इनके सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जरा भी चिंतित समझ नहीं आती? अगर इसी तरह वन्यप्नाणी रहवासी क्षेत्रों तक



पहुँचेंगे तब क्या होगा? जिसके लिए विभाग के आलाधिकारियो सहित स्थानीय नेताओ को चाहिये कि वन्यप्नाणियो की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़ाई से पहल करें ताकि वनो के धरोहर वन्यजीव सुरक्षित रहे?

### वन्यप्रानाणियो की क्या हो रही तस्करी या भीतर घुस काटे जा रहे वन, आखिर बार बार भटक रहवासी क्षेत्रों तक कैसे पहुँच रहे वन्यजीव

गौर करने का विषय यह भी है कि आखिर वन्यप्नाणी चीतल बार बार रहवासी क्षेत्रों तक पहुँच कैसे रहे क्या किसी के द्वारा जंगल से इन्हें खदेड़ा जा रहा या कहीं तस्करी तो नहीं हो रही या फिर जंगल के भीतर वनो की अंधाधुध कटाई तो नही चल रही? और अगर ऐसा होगा तो इसके पीछे कौन हो सकता है तथा इसमें किसकी भूमिका अहम रूप में होगी? देखा जाय तो अब यह विषय अहम तौर पर बड़े जांच का विषय है? जिसकी समीक्षा और जिम्मेदारों पर कार्यवाही जरुरी है?

### वनो एवं वन्यजीवो को लेकर शासन गम्भीर बावजूद जिम्मेदार बेपरवाह क्यों

ज्ञातव्य हो कि एक तरफ मौजूदा सरकार वनो एवं वन के धरोहर कहे व माने जाने वाले वन्यप्नाणियो को सहेजकर रखे जाने के लिये कई योजनाओं को लेकर कार्य कर रही जिनके बचाव में शासन गम्भीर होकर हर वनपरिक्षेत्र अंतर्गत कई करोड़ रुपये खर्च भी किया और अब भी कर रही है? ताकि वन्यजीवो को बेहतर व्यवस्था वन के भीतर मिल सके, जिससे कोई भी वन्यजीव रहवासी क्षेत्रों में ना पहुँचने पाये? बावजूद इसके अनूपपुर जिले के बिजुरी वनपरिक्षेत्र में ऐसा दिखता नजर नहीं आता? मानो इस वनपरिक्षेत्र के सुरक्षा के जिम्मेदार को शासन के नीति रीति से कोई मतलब ही नहीं?

### बिजुरी वनपरिक्षेत्र के भीतर तीन वर्ष में हुये समस्त प्नकार के शासकीय कार्यों की समीक्षा किये जाने की है आवश्यकता

वहीं सूत्रों का ऐसा मानना है कि बिजुरी वन परिक्षेत्र में वर्तमान समय में पदस्थ वन परिक्षेत्राधिकारी के अब तक के कार्यकाल में हुये सभी शासकीय कार्ययोजनाओं की कड़ाई पूर्वक सूक्षमता से जाँच होने की आवश्यकता है जिससे इस वनपरिक्षेत्र में हुये समस्त प्नकार के शासकीय कार्यों की स्पष्टता सबके समक्ष आ सके? जिससे इस वनपरिक्षेत्र में तीन वर्ष में पदस्थ रेंजर के रहते कितने तरह के शासकीय कार्य किन किन स्थलों में कितने जगह पर कौन कौन से और कितने कितने राशि के और किस मद के तहत हुये और हो रहे इसका सभी को पता चलना चाहिए? जिससे कार्य होने और उसके गुणवत्ता की भी पहचान हो सके तथा खर्च हुये शासकीय राशि का भी सही से सबको जानकारी हो पाये? इसके लिए जिला कलेक्टर को एक सही टीम गठित कर सभी कार्यों की जल्द जांच किये जाने पर पहल करना चाहिए?

# युवक की हत्या करने वाले 8 आरोपियों को आजीवन कारावास

**भोपाल।** शाहपुरा इलाके में अप्रैल 2021 में युवक की बेरहमी से हत्या करने वाले आठ आरोपियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सभी आरोपियों को 1-1 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है। आरोपियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं, जो मां-बेटी हैं। हबीबगंज मल्टी में रहने वाले मोहम्मद आसिफ ने 30 अप्रैल 2021 को शाहपुरा थाने में सूचना दी थी। उसने बताया था कि वह अपने छोटे भाई तौसिफ (22) के साथ परिचित के घर दावत खाने गया था। रात करीब 8 बजे दोनों बाइक से लौट रहे थे। 12 नंबर आंगनवाड़ी के सामने मल्टी व उसके आसपास रहने वाले सावन धारू, रोहित वरदेल, राजा वरदेल, शुभम गिरि, आकाश उर्फ चीनू, सुदा उर्फ विजय ढाकसे ने रास्ता रोक लिया। उन्होंने बाइक से उतारते हुए तौसिफ पर हमला कर दिया। रोहित वरदेल ने सुअर पकडने वाले फंदे से तौसिफ का गला फंसाकर गिरा दिया। राजा नाम के लड़के ने बके से तौसिफ के सिर में पीछे तरफ मारा। भाई वहीं पर गिर गया, तो सावन धारू उर्फ सागर ने तौसिफ के पेट, सीने व गले में चाकू मारा। उनके साथी शुभम गिरि गोस्वामी, चीनू उर्फ आकाश और विकास ढाकसे ने तौसिफ लात और मुक्कों से मारा।

# भोपाल में जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

भोपाल

राजधानी भोपाल में मंगलवार को जिला प्रशासन ने अवैध कॉलोनी को लेकर बड़ी कार्रवाई की। पलासी इलाके में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर जेसीबी चली और पक्के निर्माण भी तोड़ दिए गए। इस कॉलोनी की नगर निगम और TNCP (टाउन एंड कंट्री प्लानिंग) से परमिशन नहीं ली गई थी। इसके चलते यह कार्रवाई की गई।

बैरागढ़ एसडीएम मनोज उपाध्याय की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई। निगम बिल्डिंग परमिशन शाखा के एई अमित दुबे, अतिक्रमण प्रभारी नासिर खान भी मौजूद रहे। करीब एक घंटे कार्रवाई चली। इस दौरान जेसीबी की मदद से पक्के स्ट्रक्चर और सड़क भी तोड़ी गई।




किसी विवाद की स्थिति न बने, इसलिए निशातपुरा थाना पुलिस भी मौजूद रही। अतिक्रमण प्रभारी खान ने बताया कि कॉलोनी से जुड़ी जरूरी परमिशन नहीं ली गई। इसलिए यह अवैध कॉलोनी की श्रेणी में आ गई। पलासी गांव के कई खसरों में कॉलोनी विकसित की जा रही थी।

## कोलार परियोजना के अशुद्ध जल पंम्पगृह की पाईप लाईन में सुधार हेतु लिया जा रहा शटडाउन

# कोलार जलप्रदाय परियोजना से संबंधित क्षेत्रों में गुरूवार एवं शुक्रवार को जलप्रदाय प्रभावित रहेगा

भोपाल

नगर निगम भोपाल की कोलार जलप्रदाय परियोजना के अंतर्गत अशुद्ध जल पम्प गृह की 1500 एम.एम व्यास की मुख्य पाईप लाईन में लीकेज सुधार कार्य हेतु गुरूवार, 04 मई 2023 को प्रातः 10ः00 बजे से रात्रि 08ः00 बजे तक शटडाउन लिया जाना प्रस्तावित है जिसके कारण कोलार जलप्रदाय परियोजना से संबंधित क्षेत्रों में गुरूवार, 04 मई 2023 एवं शुक्रवार, 05 मई 2023 को जलप्रदाय प्रभावित रहेगा।



दुर्गा नगर बस्ती, कोलार कॉलोनी चूना भट्टी, ज्योतिबाफुले नगर, प्रियदर्शनी नगर, तुलसी नगर, शिवाजी नगर, पम्पापुर, नया बसेरा, राजीव नगर, शारदा नगर ए-ब्लॉक, श्रीनगर कॉलोनी, पूर्वी निशातपुरा, आरिफ नगर, न्यू आरिफ नगर, अटल अय्यूब नगर, छोला रोड, एकता नगर, फूटा मकबरा, सुभाष नगर, कबाड़खाना, काजी कैंप, सुंदर नगर, शाईन कॉलोनी, एहले हदीस मस्जिद क्षेत्र, सद्भावना कॉलोनी, गुरूनानक कॉलोनी, बाफना कॉलोनी, कैची छोला, इब्राहिमपुरा टंकी, गिन्नौरी, इस्लामपुरा, खटीकपुरा, कंजरपुरा, बागमुती साहब, बाग मुंशी हुसैन खाँ, पुतलीघर, बाल विहार, नूर महल आदि।

अम्बेडकर नगर, आराधना नगर, नेहरू कॉलोनी, चित्रगुप्त नगर, सुदामा नगर, राहुल नगर, निवेश नगर, वैशाली नगर, सुरूची नगर, गवर्नमेंट क्वार्टर कोटरा, संजय कॉम्पलेक्स, गीतांजली कॉम्पलेक्स, कोटरा सुल्तानाबाद, तुलसी नगर, नेहरू नगर, हर्षवर्धन नगर, माता मंदिर क्षेत्र, शाहपुरा सी-सेक्टर, बी.डी.ए. मल्टी, त्रिलंगा, साउथ एवेन्यू, ग्रीन सिटी, सहयोग परिसर, सौम्या विहार, फॉरच्यून प्राईड, बसंत कुंज, शाहपुरा गांव, शाहपुरा छावनी, भरत नगर, श्याम नगर, एल.आई.जी. कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, शारदा नगर कॉलोनी बी एवं सी ब्लॉक, नगर निगम कॉलोनी, नारियलखेड़ा गांव फिजा कॉलोनी, गौतम नगर, संत कवरराम कॉलोनी, फिरदोस नगर, पश्चिम निशातपुरा, .ष्णा कॉलोनी, पी.जी.बी.टी. कालेज रोड, टीलाजमालपुरा, हरिजन बस्ती, शोभाराम की बावड़ी, जनता क्वार्टर, ई.डब्ल्यू.एस., एल.आई.जी. हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मोती क्वार्टर, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, पन्ना क्वार्टर, हरी मजार क्षेत्र, बी.डी.ए. कॉलोनी, जमालपुरा गांव, नई बस्ती वसुंधरा कॉलोनी, मारवाड़ी रोड, मस्जिद शकुर खाँ क्षेत्र, इतवारा क्षेत्र, मंगलवारा, कोतवाली रोड, पायगा, लोहा बाजार रोड क्षेत्र, इस्लामपुरा, खटीकपुरा, कंजरपुरा, बागमुती साहब, बाग मुंशी हुसैन खाँ, पुतलीघर, बाल विहार, नूर महल क्षेत्र आदि क्षेत्रों में जलप्रदाय प्रभावित रहेगा।

कोलार जलप्रदाय परियोजना की पाईप लाईन में लीकेज सुधार हेतु लिये जा रहे शटडाउन के कारण जलप्रदाय प्रभावित रहने से नागरिकों को होने वाली कठिनाई पर खेद व्यक्त करते हुए सहयोग की अपील की है।

# MP के हेल्थ मनिस्टर के बंगले के बाहर डटे स्वास्थ्यकर्मी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी के बंगले के बाहर मंगलवार को कई स्वास्थ्यकर्मी डटे रहे। उन्होंने करीब 5 घंटे सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया। वे मंत्री डॉ. चौधरी से मिलकर अपनी मांगें उनके सामने रखने पहुंचे थे, लेकिन मंत्री बंगले पर नहीं थे। इस कारण उनका गुस्सा फूट पड़ा। मध्यप्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ की प्रदेश अध्यक्ष मीना शुक्ला ने बताया कि सुबह 11 बजे स्वास्थ्य मंत्री ने हमें मिलने के लिए बुलाया था, लेकिन इससे पहले ही मंत्री जी चले गए। बंगले पर कोई जिम्मेदार बात करने के लिए नहीं था। इसलिए बंगले के बाहर ही धरने पर बैठ गए। शाम 4 बजे तक वहीं रहे। 100 से ज्यादा संविदा स्वास्थ्यकर्मी वहां रहे। इसके बाद पुलिस ने वहां से उठा दिया। एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आह्वान और प्रदेश अध्यक्ष विजय ठक्कर के नेतृत्व में 18 अप्रैल से प्रमुख मांगों को लेकर प्रदेश के 32 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल पर चल रहे हैं। हड़ताल के 15वें दिन इन कर्मचारियों के सब्र का बांध टूट गया। 13 दिन से शांतिपूर्ण धरना दे रहे प्रदेश भर के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों ने भोपाल का रुख कर लिया और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी के बंगले पर पहुंचे थे।

## अमन ने जमाया पहला अर्धशतक

# दिल्ली ने गुजरात को पहली बार हराया, आखिरी ओवर में ईशांत शर्मा ने बचाए 12 रन

अहमदाबाद

दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस पर पहली जीत हासिल की है। टीम ने मौजूदा सीजन के 44वें मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात को 5 रन से हराया। यह दोनों के बीच का ओवरऑल तीसरा मुकाबला था। पिछले दो मुकाबले गुजरात ने जीते हैं।

यह दिल्ली की इस सीजन में तीसरी जीत है। इस जीत से टीम ने अपने प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें कायम रखी हैं। देखें पॉइंट्स टेबल

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 130 रन बनाए। जवाब में गुजरात के बल्लेबाज ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 125 रन ही बना सके। मोहम्मद शमी मैन ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 4 विकेट चटकाए, लेकिन अपनी टीम को नहीं जिता सके।

पावरप्ले कॉन्टेस्ट में गुजरात दिल्ली से बेहतर रही। टीम ने 31 रन बनाने में 3 विकेट गंवाए, जबकि दिल्ली ने 6 ओवर में 28 रन बनाने में 5 विकेट खो दिए।

गुजरात के कप्तान हार्दिक पंड्या ने लीग में दसवां अर्धशतक जमाया। उन्होंने 44 बॉल पर हाफ सेंचुरी पूरी की। मौजूदा सीजन में यह पंड्या का दूसरा अर्धशतक है। पंड्या 53 बॉल पर 111.32 के स्ट्राइक रेट से नाबाद 59 रन बनाकर लौटे।



### पंड्या-मनोहर की अर्धशतकीय साझेदारी

32 रन पर चौथा विकेट गंवाने के बाद कप्तान हार्दिक पंड्या ने अभिनव मनोहर के बीच अर्धशतकीय साझेदारी कर टीम को संकट से उबारा। दोनों ने 63 बॉल पर 62 रन जोड़े। इस साझेदारी को खलील अहमद ने अभिनव को आउट कर तोड़ा। इस साझेदारी के बाद भी गुजरात मैच हार गई। 131 रन का टारगेट चेज करने उतरी गुजरात की शुरुआत भी खास नहीं रही। टीम ने 6 ओवर में तीन विकेट खोकर 31 रन बनाए। साहा जीरो, गिल 6 और विजय शंकर 6 रन बनाकर आउट हुए। 23 पर 5 विकेट गंवाने के बाद अक्षर पटेल और अमन पटेल ने दिल्ली की बिखरती पारी को संभालने की कोशिश की। दोनों ने 54 बॉल पर 50 रन की पार्टनरशिप की। इस साझेदारी को मोहित शर्मा ने अक्षर पटेल को चलता किया।

दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने पहले पावरप्ले में 28 रन बनाने में 5 विकेट गंवा दिए। फिल सॉल्ट, डेविड वॉर्नर, राइली रूसो, मनीष पांडेय और प्रियम गर्ग सस्ते में पवेलियन लौट गए। मोहम्मद शमी ने दिल्ली को चार झटके दिए। एक बल्लेबाज रनआउट हुए।

### नेपाल ने पहली बार एशिया कप के लिए क्वालीफाई किया

नेपाल क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार एशिया कप 2023 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। नेपाल ने मंगलवार को काठमांडू के त्रिभुवन यूनिवर्सिटी इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड में एसीसी पुरुषों के प्रीमियर कप के फाइनल में संयुक्त अरब अमीरात (UAE) को सात विकेट से हराया। इस मैच में गुलशन झा ने 84 गेंदों में नाबाद 67 रनों की पारी खेली। गुलशन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। एशिया कप 2023 के लिए पांच टीमें पहले से ही क्वालीफाई कर चुकी हैं। अब नेपाल इस टूर्नामेंट में खेलने वाली छठी टीम बन गई है। पांच टीमों में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान की टीम शामिल है। इस बार का एशिया कप सितंबर के शुरुआती सप्ताह में होना है। 13 दिनों तक चलने वाले 6 टीमों के टूर्नामेंट में फाइनल समेत कुल 13 मैच होंगे। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में हैं।

# टेस्ट रैंकिंग में टीम इंडिया बनी नंबर-1, दूसरे स्थान पर फिसली ऑस्ट्रेलियाई टीम



नई दिल्ली

टीम इंडिया टेस्ट में नंबर-1 बन गई है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने मंगलवार को ताजा टेस्ट टीम रैंकिंग जारी की। जहां टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर टॉप पर पहुंच गई है। इस साल की शुरुआत में टीम इंडिया ने लगातार चौथी बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी बरकरार रखने में सफलता हासिल की थी और ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से टेस्ट सीरीज में हराया था।

भारत को 25 मैचों में 3031 पॉइंट्स मिले हैं। उसकी रेटिंग 121 है। वहीं ऑस्ट्रेलिया को 23 मैचों के 2679 पॉइंट्स मिले हैं। उसे 116 रेटिंग मिली है। इस तरह भारत पहले और ऑस्ट्रेलिया दूसरे नंबर पर है। इंग्लैंड तीसरे स्थान पर है। जबकि दक्षिण अफ्रीका चौथे नंबर पर है। न्यूजीलैंड फिलहाल पांचवें पायदान पर है।

ICC की एनुअल रैंकिंग अपडेट से पहले ऑस्ट्रेलिया 122 अंकों के साथ शीर्ष पर था और भारत उससे तीन अंकों 119 से पीछे था। यह अपडेट मई 2020 के बाद टीमों के प्रदर्शन को ध्यान में रख किया गया है। ICC की एनुअल रैंकिंग में मई 2020 से मई 2022 से पहले खत्म हुई सीरीज की वेटेज 50% और मई 2022 के बाद की सभी सीरीज का वेटेज 100% होता है।

### 7 जून से खेला जाएगा WTC का फाइनल मुकाबला

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 7 जून से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इसके लिए दोनों ही देशों की टीमों को ऐलान हो चुका है। भारत रोहित शर्मा की अगुआई में फाइनल में उतरेगा। वहीं WTC फाइनल से पहले टीम इंडिया के तीन बड़े खिलाड़ी चोटिल हो गए हैं। जिसमें केएल राहुल, शार्दूल ठाकुर और जयदेव उनादकट का नाम शामिल है। शार्दूल तो IPL-v6 के बाकी बचे सीजन से बाहर हो गए हैं।

## कारोबार

### बाजार भाव

**किराना :-** शक्कर 3730-3750, खोपरा गोला 115-138, खोपरा बूरा 1950-3800 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 460-470, ऊंझा हल्का 470-475, मीडियम 490-500, बेस्ट 500-525, हल्दी निजामाबाद 90-110, सांगली 150-160, साबूदाना हल्का 6200-6250, मीडियम 6300-6400, बेस्ट 6500-6600, सच्चा मोती 6875, सौंफ मोटी 160-180, मीडियम 185-200, बेस्ट 220-250, सौंफ बारी?क 190-225, कालीमिर्च एटम 520-522, गरबल 511-515, मटर दाना 565-575, खसखस अनक्लीन 675-950, क्लीन 1150-1350, दालचीनी 250-275, बेस्ट 300, जायफल 675-700, बेस्ट 725-750, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1950-2100, केसर 125-145, बेस्ट 155-165, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 680-710, बेस्ट 725-740, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-182, सिंदूर 6600, देशी कपूर 600-800, पूजा बादाम 90-100, बेस्ट 160-165, पूजा सुपारी 460-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 875-900, विरूद्ध नगर 1025-1075, मीडियम 1225-1325, बोल्ड 1425-1550, एक्ट्रा बोल्ड 1600-1825, पानबार 850-950, बड़ी इलायची 600-700, बेस्ट 725-875, तरबूज मगज 460-475, काजू (240) 650-660, काजू (320) 660-700, काजू डब्ल्यू वन 650-660, एस. डब्ल्यू (300) 650-660, एस.एस. डब्ल्यू 650-655, काजू जे.एच. 660-680, टुकड़ी 625-660, बादाम मगज 700-750, सिंगापुरी 630-640, अखरोट 385-425, बेस्ट 550-600, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 425-650, बेस्ट 740-750, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1320-1340, मैदा कट्टा 1350-1370, रवा कट्टा 1450-1470, बेसन 3375 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1300-1350, (160) 1400-1450, (200) 1500-1550, (250) 1600-1650

**तेल :-** सींगदाना 1680-1690, मुम्बई 1675, राजकोट तेलिया 2600, सोया साल्वेंट 940-945, सोया रिफाइंड 975-980, कपास्या 945, धूलिया 950, कड़ी 950,

**तिलहन :-** सरसो 5900-6100, रायडा 4600-4900, सोयाबीन 4800-5300, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

**दलहन :-** चना कांटेवाला बेस्ट 5050-5100, एवरेज 4850-4900, विशाल 4850-4950, काबूली चना बिटकी 6200-6500,

## दो दिन के लिए फ्लाइट सस्पेंड की, DGCA ने एयरलाइन से 24 घंटे में जवाब मांगा

# दिवालिया होने की कगार पर गो फर्स्ट

नई दिल्ली

कैश की तंगी से जूझ रही एयरलाइन गो फर्स्ट दिवालिया हो सकती है। उसने अगले 2 दिन यानी 3 और 4 मई के लिए फ्लाइट सस्पेंड कर दी है। तेल कंपनियों के बकाए का भुगतान नहीं कर पाने के चलते एयरलाइंस ने ये फैसला किया है।

गो फर्स्ट कैश एंड कैरी मोड में अपनी फ्लाइट ऑपरेट करती है। यानी एयरलाइंस को हर दिन के हिसाब से जितनी उड़ान भरनी है उसके मुताबिक फ्यूल के लिए पेमेंट करना पड़ता है।

गो फर्स्ट एयरलाइन के इस फैसले के बाद DGCA ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है और 24 घंटे के भीतर एयरलाइंस जवाब मांगा है। वहीं एविएशन मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि सरकार हर संभव तरीके से एयरलाइन की मदद कर रही है और स्टेकहोल्डर्स से भी बात की है।




एयरलाइन ने नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT) दिल्ली के पास स्वैच्छिक दिवाला समाधान कार्यवाही के लिए एक आवेदन भी दायर किया है। एयरलाइन चीफ कौशिक खोना ने कहा- इंजनों की सप्लाई नहीं होने के कारण एयरलाइन ने 28 विमानों को ग्राउंडेड कर दिया। इससे फंड की किल्लत हो गई और दिवाला कार्यवाही के लिए जाना पड़ा। ये एक दुर्भाग्यपूर्ण फैसला है, लेकिन कंपनी के हितों की रक्षा के लिए ऐसा करना जरूरी है। एयरलाइन ने इस घटनाक्रम के बारे में सरकार को सूचित कर दिया है और वह डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) को एक डिटेल्ड रिपोर्ट भी सौंपेगी।

### एयरलाइन ने अमेरिका की कोर्ट में याचिका लगाई

इंडियन एविएशन रेगुलेटर के आंकड़ों से पता चलता है कि फ्लाइट के ग्राउंडेड होने के कारण मार्च में गो फर्स्ट की बाजार हिस्सेदारी जनवरी में 8.4% से गिरकर 6.9% हो गई है। एयरलाइन ने इसे लेकर अमेरिका की डेलावेयर कोर्ट में पिटीशन भी दाखिल की है। एयरलाइन ने दावा किया है कि अगर इंजनों की जल्द सप्लाई नहीं की गई तो वह दिवालिया हो जाएगी। गो फर्स्ट वाडिया ग्रुप की बजट एयरलाइन है। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार 29 अप्रैल 2004 को गो फर्स्ट की शुरुआत हुई थी। नवंबर 2005 में मुंबई से अहमदाबाद के लिए पहली फ्लाइट ऑपरेट की। एयरलाइन के बेड़े में 59 विमान शामिल हैं।

### सैमसंग ने एम्प्लॉइज के लिए एआइ टूल्स को बैन किया

नई दिल्ली। साउथ कोरियाई टेक कंपनी सैमसंग ने अपने कर्मचारियों के ChatGPT जैसे AI टूल्स इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, कंपनी ने मेमो के जरिए अपने एम्प्लॉइज को नई पॉलिसी के बारे में जानकारी दी है। दरअसल, हाल ही में इंजीनियर्स की गलती से ChatGPT के माध्यम से सैमसंग के कई सेंसटिव डेटा लीक हो गए थे। इसी के बाद कंपनी ने भविष्य में ऐसी घटनाओं को होने से रोकने के लिए यह कदम उठाया है।

## AI के गॉडफादर ज्यॉफ्रे हिंटन ने गूगल से इस्तीफा दिया

वॉशिंगटन

आज जिस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) ने दुनिया में धूम मचा रखी है, उसके गॉड फादर माने जाने वाले डॉक्टर ज्यॉफ्रे हिंटन (Geoffre4 Hinton) दुनिया के लिए खतरा बताया है। उन्होंने कहा है कि, यह मानवता के लिए खतरा है। अभी यह वरदान जैसा लग रहा हो, लेकिन ऐसा है नहीं। 75 साल के हिंटन ने न्यू यॉर्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू में कहा कि, इससे बड़ी संख्या में नौकरियां खत्म हो जाएंगी। समाज में गलत सूचनाएं तेजी से फैलेंगी, जिसे रोक पाना संभव नहीं होगा। हिंटन इसके लिए खुद को जिम्मेदार मानते हैं और अफसोस करते हैं। उन्होंने कहा कि, मैं नहीं करता तो कोई और करता, लेकिन AI तो आता ही। अब इससे निपटना बहुत ही मुश्किल होगा।

AI के खतरों के बारे में खुलकर बोलने के लिए छोड़ी गूगल की नौकरी डॉक्टर हिंटन ने 2012 में टोरंटो विश्वविद्यालय में अपने दो स्टूडेंट इल्या सुतस्केवर और एलेक्स कृशेवस्की के साथ मिलकर एक ऐसा नेटवर्क बनाया, जो हजारों फोटो का एनालिसिस कर सकता था। यही नहीं यह नेटवर्क खुद को फूलों, कुत्तों और कारों जैसी सामान्य वस्तुओं की पहचान करना सिखा सकता था।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड, तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)